# MASA–03

## December – Examination 2022

# M.A. (Previous) Examination

## SANSKRIT

## (भारतीय दर्शन)

## Paper : MASA-03

*Time : **3** Hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

**निर्देश :-** यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खण्ड—अ** **8×2=16**

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :-** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) जैन दर्शन के मत में कितने प्रमाण हैं ?

(ii) द्रव्य के कितने भेद हैं ?

(iii) वैशेषिक दर्शन के प्रणेता कौन हैं ?

(iv) सांख्यकारिका के अनुसार कुल कितने तत्व हैं ?

(v) सांख्यदर्शन में कुल कितने गुण विद्यमान हैं ? नाम लिखिए।

(vi) सन्निकर्ष कितने प्रकार का होता है ?

(vii) वेदान्त दर्शन के प्रणेता कौन हैं ?

(viii) सत्कार्यवाद के कितने सिद्धि तर्क हैं ?

**खण्ड—ब** **4×8=32**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :-** किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. सांख्यकारिका के अनुसार तीनों दु:खों को स्पष्ट कीजिए।
3. वेदान्त दर्शन के अनुसार अपवाद को समझाइए।
4. न्याय दर्शन के किन्हीं **पाँच** पदार्थों का निरूपण कीजिए।
5. बौद्ध दर्शन के **चार** आर्य सत्यों को समझाइए।
6. सांख्य के अनुसार सृष्टि के विकास क्रम को समझाइए।
7. भारतीय दर्शन में त्रिविध कारण क्या हैं ? तर्क भाषा के अनुसार स्पष्ट कीजिए।
8. सांख्यदर्शन के अनुसार सत्कार्यवाद को स्पष्ट कीजिए।
9. वेदान्त दर्शन के आधार पर अध्यारोप अज्ञान को समझाइए।



**खण्ड—स** **2×16=32**

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :-** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. आस्तिक दर्शन कौन-कौनसे माने जाते हैं ? विवेचन कीजिए।
11. भारतीय दर्शन में अर्थसंग्रह के अनुसार धर्म, भावना तथा निषेध को स्पष्ट कीजिए।
12. न्याय दर्शन के अनुसार षड्विध-सन्निकर्ष को सविस्तार समझाइए।
13. सांख्य दर्शन के अनुसार पुरुष एवं प्रकृति के स्वरूप को सिद्ध कीजिए।